समाचार की ओर आकर्षित किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी एजेन्टों द्वारा भारतीय बच्चों के अपहरण तथा उन्हें मारकर उनके शवों की खाल में भर कर सोने के तस्कर व्यापार सम्बन्धी रहस्य प्रकट किया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि ऐसे कार्य करने वाले पाकिस्तानी एजेन्टों के गिरोह में लगभग 2,000 व्यक्ति हैं, जिनका इससे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सम्बन्ध है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री तथा प्रतिरक्षा मन्त्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

हिन्दी संस्थाओं के लेख

5387. **श्री रमापति राम :**
श्री यशपाल सिंह :
श्री प्रिय गुप्त :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन हिन्दी संस्थाओं को अनुदान दिये गये हैं क्या उनके हिसाब-किताब की जांच किसी सरकारी अभिकरण के द्वारा करवाई जाती है ;

(ख) यदि हां, तो उन संस्थाओं के नाम क्या हैं जिनके हिसाब-किताबों की जांच करवाई जा चुकी है ;

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (घ). स्वैच्छिक हिन्दी संगठनों द्वारा हिन्दी के प्रसार और विकास के लिए भारत सरकार से प्राप्त अनुदानों के हिसाब किताब की जांच चार्टर्ड लेखाकारों द्वारा की जानी अपेक्षित है । अनुदान के समुचित उपयोग से संबंधित चार्टर्ड लेखाकार का प्रमाण-पत्र भेजने पर भी जोर दिया जाता है । जहां कहीं आवश्यक हो, अनुदानों के हिसाब-किताब की नमूने के तौर पर, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा भी जांच की जा सकती है । जैसा कि अनुदान की शर्तों के अन्तर्गत अपेक्षित है अब तक सभी अनुदान पाने वालों ने चार्टर्ड लेखाकार द्वारा प्रमाणित जांच लेखे भेज दिए हैं ।

Report regarding Scheduled Areas

5388. **Shri Manoharan:**
Shri A. V. Raghavan:

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Governor of each State having Scheduled areas is required to submit annually a report to the President regarding the administration of scheduled areas within three months of the close of the financial year;

(b) if so, whether a statement will be laid down on the Table as to how far the constitutional direction has been satisfied during the past five years ending with 1965-66; and

(c) what steps Government propose to take to see that reports are submitted within the time fixed in the Constitution?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi): (a) to (c). The Constitution does not prescribe any time limit within which the Governors concerned are to submit their annual Report to the President. How-